Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding land erosion caused by Ganga and Phulhar river in Malda district, West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मालदा उत्तर, पश्चिम बंगाल में बाढ़ एवं कटान की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मालदा जिला का अधिकांश भाग गंगा और फुल्हर नदी के तट पर बसा हुआ है। प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ एवं कटान के कारण तमाम गांव जैसे महानंदा टोला, भिलाई मारी, कहला, देवीपुर, उत्तर, दक्षिण, भकुरिया इत्यादि गांवों को एवं कटान के दौरान बहुत ही क्षति का सामना करना पड़ता है। महानंदा टोला, भिलाई मारी गांव गंगा नदी से 50 मीटर की दूरी पर बचे हुए है एवं जो गांव नदी में विलीन हो चुके हैं, वे हैं - मालदा जिला के के.बी.झाव बोना ग्राम पंचायत जंजाली टोला, खास्साबरना, रसटोला, जबुनताला, रामायणपुर, रोहिमारी, कुली दियारा, हुसैनपुर, चिना बाजार, दुर्गाराम टोला, चौधरी पड़ा, अनूप नगर, इत्यादि गांव। गंगा और फुल्हर नदी द्वारा कटान की रोकथाम के लिए मेरे द्वारा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को भी बहुत बार अवगत कराया है। अभी तक कटान रोकथाम के लिए कोई ठोस क़दम नहीं उठाया गया। स्थाई कार्य योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए तथा अभी तक जो लोग कटान से प्रभावित होकर सड़कों पर जाने को मजबूर हैं उनको पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाए तथा कटान के कारण उनको हुई क्षति का मूल्यांकन करते हुए मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।